कार्यालय प्रबंध संचालक जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित उत्तर शहडोल (म.प्र.)
☎ 245167 ई-मेल – dfotnshahd@mp.gov.in

विज्ञप्ति प्रकाशन

जिला यूनियन उत्तर शहडोल अंतर्गत प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति अमझोर में प्रबंधक पद रिक्त होने से नवीन नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति आवेदन पत्र मंगाए जाते है।

प्रबंधक पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता/आयु सीमा/चयन/नियुक्ति प्रकिया निम्नानुसार है :–

(1) **प्रबंधक पद की नियुक्ति हेतु निर्धारित योग्यताए :–**

I. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हायर सेकेण्डरी (10+2) उत्तीर्ण होगी।

II. अभ्यर्थी को संस्था क्षेत्र का निवासी होना अनिवार्य होगा।

III. अभ्यर्थी संस्था क्षेत्र के ऐसे संग्राहक परिवार से हो। जिसने नियुक्ति के पूर्व के 05 वर्ष मे से कम से कम 03 वर्षो में प्रत्येक वर्ष न्यूनतम 01 मानक बोरा तें0प0 संग्रहण का कार्य किया हो।

IV. अभ्यर्थी को कम्प्युटर का ज्ञान होना आवश्यक है।

(2) **आयु सीमा** :– भर्ती के लिए न्यूनतम आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होगी।

(3) **प्रबंधक पद की नियुक्त हेतु चयन प्रक्रिया :–** प्रबंधक पद पर नियुक्ति हेतु कुल 125 अंक निर्धारित किए जाएगे। जो आवेदक की योग्यता के आधार पर प्रदान किए जावेगे।

I. 10 + 2 हायर सेकेण्ड्री परीक्षा में कुल प्राप्त प्रतिशत के बराबर अंक प्रदान किए जावेगे (अधिकतम 100 अंक) उदाहरणार्थ – यदि किसी आवेदक को हायर सेकेण्ड्री परीक्षा में 75.5 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए है तो 75.5 अंक दिए जावेगे।

II. स्नातक परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंको के अनुपात में 1/5 अंक दिए जायेगे (अधिकतम 20 अंक) (उदाहरणार्थ 70 प्रतिशत प्राप्तांक को 14 अंक दिए जाऐगे।

III. किसी मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्युटर एप्लीकेशन में प्राप्त सर्टिफिकेट/डिप्लोमा/डिग्री हेतु अधिकतम 05 अंक दिए जाऐगे। सर्टिफिकेट/डिप्लोमा हेतु 03 अंक एवं उच्चतर डिग्री हेतु 05 अंक दिए जाऐगे।

IV. अभ्यार्थी का चयन जिला यूनियन स्तर पर तैयार प्रवीण्य सूची के आधार गठित चयन कमेटी द्वारा निर्णय लिया जावेगा।

//2//

(4) **नियुक्ति हेतु प्रक्रिया :-**

I. कार्य पर उपस्थित होने के पूर्व प्रबंधक पद के लिए पुलिस से सत्यापन अनिवार्य होगा।

II. चयनित अभ्यर्थी को चिक्त्सा जॉच (शासकीय चिकित्सालय) के मापदण्डो में स्वस्थ पाया जाना अनिवार्य होगा।

III. नियुक्ति के पूर्व अभ्यर्थी को प्रत्याभूति के रुप मे रु. 10000/- (दस हजार) नगद अथवा स्वाथि जमा अथवा साल्वेन्सी के रुप में संस्था में जमा करना होगा।

IV. चयनित अभ्यर्थी 01 वर्ष की अवधि तक परिवीक्षा पर कार्यरत रहेगा। तत्पश्चात उसे नियमित किए जाने की कार्यवाही की जावेगी।

(5) **वेतन :-** चयनित अभ्यर्थी को प्रबंधक पद के कार्यो के सम्पादन हेतु रु0 15000/- प्रतिमाह देय होगा।

(6) **प्रबंधक पद की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :-** विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 12/4/26 को कार्यालयीन समय में जिला यूनियन उत्तर शहडोल में प्रस्तुत कर सकते है।

टीप :- **अपरिहार्य कारणो से भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार प्रबंध संचालक जिला यूनियन उत्तर शहडोल को होगा।**

प्रबंध संचालक
जिला लघु वनोपज सहकारी
यूनियन मर्यादित उत्तर शहडोल (म0प्र0)

D:\2026\March 2026\Socity manager.docx

प्रबंधक पद की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र निम्न प्रारुप मे प्रस्तुत करे

प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति का नाम ....

आवेदक का पूरा नाम ....

आवेदक के पिता/पति का नाम ....

आवेदक की जन्मतिथि ....

आवेदक की जाति(अजा./अजजा./पि0/सा0) उल्लेख करे

....

विगत 05 वर्षो मे से 03 वर्षो के न्यूनतम 1 मानक बोरा तेन्दूपत्ता संग्रहण का विवरण वर्षवार ....

शैक्षणिक योग्यता ....

पत्र व्यवहार का पता ....

स्थाई निवास का पता ....

अभिलेखो की सत्यापित प्रतियो का विवरण ....

....

आवेदक का हस्ताक्षर

ग्राम..................पोस्ट.......................

तहसील.................... जिला............

मोबाइल नं0 ....